दिनांक 23 मई 2021 स्वच्छ और सुंदर भिलाई

दिव्यांग जनों के लिए आयोजित हुआ विशेष टीकाकरण शिविर, दूसरे जिले से भी दिव्यांग पहुंचे शिविर में टीकाकरण करवाने

भिलाई नगर/ दिव्यांग जनों के टीकाकरण के लिए आज विशेष शिविर आयोजित किया गया था , जिसमें सभी वर्ग के दिव्यांगजन उपस्थित होकर टीकाकरण में भाग लिए और अपना टीकाकरण कराया! जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर टीकाकरण शिविर समाज कल्याण विभाग, नगर निगम भिलाई एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर टीकाकरण केंद्र में दिव्यांग जनों की सुविधाओं को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की गई थी! बड़े उत्साह के साथ दिव्यांग साथी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर टीका लगवा रहे थे! टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करने अपर कलेक्टर बी.बी. पंचभाई भी पहुंचे , उन्होंने टीकाकरण के पश्चात दिव्यांग जन को पुष्पगुच्छ देकर उनका हौसला अफजाई किया , वही कई दिव्यांगों को वाहन से उतारकर व्हीलचेयर के माध्यम से स्वयं टीकाकरण केंद्र के भीतर लेकर पहुंचे! जितना ज्यादा टीकाकरण को लेकर दिव्यांग जनों में उत्साह था उतना ही अच्छा टीकाकरण केंद्र में व्यवस्था थी! ऑब्जरवेशन के लिए पर्याप्त मात्रा में कुर्सियां , बिस्तर की व्यवस्था , पेयजल की व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था , भोजन की व्यवस्था, चलित शौचालय की व्यवस्था , टीकाकरण केंद्र के भीतर ले जाने 10 व्हीलचेयर की व्यवस्था , टीकाकरण के पश्चात दवाई की व्यवस्था, व्हीलचेयर को आसानी से ले जाने के लिए अस्थाई रैंप की व्यवस्था की गई थी! ज्यादा से ज्यादा ऐसे लोगों को टीकाकरण हो सके इसके लिए दो एएनएम प्रतिभा शर्मा एवं संगीता कौशिक ने सभी को टीका लगाया! 18 से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक दोनों ही प्रकार के दिव्यांग जनों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की गई थी! दिव्यांग जनों का सभी का टीकाकरण हो सके इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनजीओ, दिव्यांग ग्रुप, इनके स्कूल एवं संस्था तथा अन्य माध्यमों से इन्हें संपर्क कर टीकाकरण केंद्र तक लाने की व्यवस्था की गई थी! दोपहर तक बहुत से दिव्यांगों का टीकाकरण हो चुका था! दिव्यांगों को उनके घरों से टीकाकरण केंद्र तक लाने वाहन की व्यवस्था की गई थी, इसमें से कुछ बड़े वाहन तथा ऐसे वाहन जो गली, मोहल्लों में जाकर टीकाकरण केंद्र तक ऐसे ही लोगों को ला सके इसके लिए छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई थी! इस पूरे आयोजन में उप संचालक समाज कल्याण श्री डी.पी. ठाकुर , प्रोबेशन अधिकारी कमलेश पटेल , सीपीएम तुषार वर्मा , भिलाई निगम से अजय शुक्ला ने टीकाकरण केंद्र में व्यवस्था बनाने और अधिक से अधिक दिव्यांग जनों का टीकाकरण हो इसलिए मौके पर पूर्ण समय तक मौजूद रहे!

टीकाकरण कराने अन्य जिलों से भी पहुंचे भिलाई टीकाकरण के लिए दिव्यांग मयंक सिंह बिलासपुर जिले से भिलाई के केंद्र तक पहुंच कर उन्होंने टीका लगवाया , टीकाकरण के वक्त उनकी माताजी श्रीमती कृष्णी सिंह साथ में मौजूद रही! जब मयंक सिंह को टीका लगा तब पूरे परिसर में उत्साह का माहौल सा बन गया! सभी की निगाहें मयंक सिंह की ओर टिक गई , सभी ने उन्हें प्रथम टीकाकरण की बधाई दी! श्रीमती कृष्णी सिंह ने बताया कि संभवतः पूरे छत्तीसगढ़ में इस प्रकार की पहली व्यवस्था होगी जिसमें दिव्यांग जनों के लिए विशेष टीकाकरण की व्यवस्था की गई है! उन्होंने इसके लिए बारंबार शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया!

दोनों हाथ नहीं, साथ में मूक-बधिर की समस्या, फिर भी टीका लगवाने पहुंचे गौकरण, इनसे सीखना होगा हौसला आज भिलाई के नेहरू भवन प्रेस क्लब के भूतल पर स्थित टीकाकरण केंद्र में दिव्यांग जनों के टीकाकरण केंद्र में एक ऐसा मामला देखने को मिला जो अन्य को टीकाकरण के लिए प्रेरित करता है! गौकरण पाटिल ऐसे शख्सियत है जिनके दोनों हाथ नहीं है ऊपर से मुक बधिर की समस्या भी इन्हें है, न बोल सकते है और ना ही सुन सकते हैं! इनके भाई नरेंद्र कुमार पाटिल ने बताया कि दोनों हाथ नहीं होने के कारण सारे कार्य इनके द्वारा पैर के माध्यम से किए जाते हैं! यहां तक की भोजन भी इसी के माध्यम से होता है , मुक बधिर होने के कारण पैर के सहारे इशारे के माध्यम से दूसरों से संपर्क करते हैं , पैर से चित्रकारी करने के लिए शहर में मशहूर भी है! जब यह टीकाकरण केंद्र पहुंचे तो दोनों हाथ नहीं होने के कारण इनके पैर में टीका लगाया गया! कोविड संक्रमण से अपने आप को एवं परिवार को सुरक्षित रखने इन्होंने टीकाकरण कराने का फैसला लिया था! आज जब इन्हें शिविर के बारे में पता चला तो फौरन बिना देरी किए केंद्र में पहुंचकर इन्होंने टीका लगवाया! आज हमें ऐसे ही लोगों से सीखने की आवश्यकता है! साथ ही गौकरण पाटिल ने भी सभी से टीकाकरण कराने की अपील की!